
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 21 अप्रैल

1. **भारतीय लोक सेवा दिवस–** भारतीय लोक सेवा दिवस प्रतिवर्ष 21 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत के प्रथम लोक सेवा सत्र को मेटकाफ हाउस में संबोधित किया था, जहां उन्होंने लोक सेवकों को 'स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया' कहकर सम्मानित किया गया था। इस दिन अखिल भारतीय सेवाओं के विभिन्न अधिकारियों को उनकी सर्वश्रेष्ठ सेवा के लिए पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 1952 में पहली बार इसे 'सचिव दिवस' के रूप में मनाया गया था।

2. **मोहम्मद इकबाल का निधन–** अविभाजित भारत के प्रसिद्ध शायर, लेखक और नेता मुहम्मद इकबाल को पाकिस्तान का 'राष्ट्रकवि' माना जाता है। ये प्रारंभ में हिन्दू–मुस्लिम एकता के हिमायती थे, जिसका प्रमाण 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्ता हमारा', 'तराना–ए–हिन्द' तथा 'बंग–ए–दर्रा' आदि रचनाओं में मिलता है। 1930 में इन्होंने ही सर्वप्रथम मुस्लिम लीग के मंच से इलाहाबाद में 'द्विराष्ट्र सिद्धान्त' की बात की। इनकी 'बंग–ए–दर्रा' नामक रचना में 'इंकलाब' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किया था। इनकी मृत्यु 21 अप्रैल, 1938 ई. में लाहौर में हुई।
   - **संदर्भः** बच्चों को हिन्दी की पाठ्यपुस्तक **किसलय भाग 3, पाठ 8, 'बच्चे की दुआ'** से जोड़कर बतायें।

3. **शकुंतला देवी का निधन–** 'मानव कम्प्यूटर' के नाम से मशहुर बेंगलुरू में जन्मी शकुन्तला देवी का निधन 21 अप्रैल, 2013 ई. को हुआ था। वे बचपन से ही गणितीय गणना में अव्वल तथा अद्भुत प्रतिभा की धनी थी। वर्ष 1977 में शकुंतला ने 201 अंकों की संख्या का 23वां वर्गमूल बिना कागज–कलम के निकाल दिया। उन्होंने 13 अंको वाली 2 संख्याओं का गुणनफल 26 सेंकेण्ड में बता दिया था। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि बचपन में शंकुतला को आर्थिक तंगी के कारण स्कूल से निकाल दिया गया था। मां–बाप के पास स्कूल की फीस मात्र दो रूपया प्रति माह देने को भी नहीं थे। अतः तीन माह के बाद ही उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया था। हालांकि मात्र छह वर्ष की उम्र से ही अपनी गणितीय क्षमता का प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था।
   - **बच्चों को क्या दिखाएं?** बच्चों को अभिनेत्री विद्याबालन अभिनीत फिल्म 'शकुंतला देवी' दिखाएं।

4. **पानीपत का प्रथम युद्ध–** पानीपत का प्रथम युद्ध काबूल के तैमूरी शासक जहीरूद्दीन मोहम्मद बाबर की सेना और दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी के बीच पानीपत (हरियाणा) में 21 अप्रैल, 1526 ई. को लड़ा गया था। इस युद्ध में ही पहली बार आग्नेयास्त्रों, बारूद का प्रयोग किया गया था। इब्राहिम पराजित हुआ और रणभूमि में ही मारा गया। इस युद्ध ने भारत में मुगल साम्राज्य की नींव रखी थी।

Sunday

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

21 अप्रैल

मधु प्रिया


## भारतीय लोक सेवा दिवस 21 अप्रैल




भारतीय लोक सेवा दिवस इंडियन सिविल सर्विसेस 21 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत के प्रथम लोक सेवा सत्र को मेटकाफ हाउस (दिल्ली) में संबोधित किया था जहां उन्होंने लोक सेवकों को 'स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया' कहकर सम्मानित किया गया था, इस दिन अखिल भारतीय सेवाओं के विभिन्न अधिकारियों को उनकी सर्वश्रेष्ठ सेवा के हेतु पुरस्कृत किया जाता है यह अधिकारियों में बेहतर प्रदर्शन को अपने व्यवहार में लाने के साथ ही आने वाली नई चुनौतियों को निपटने के लिए अपनी कार्य क्षमता को बढ़ाने तथा सुधारने एवं विभिन्न नीतियों पर चर्चा कर मनन करने का अवसर मिलता है। भारत सरकार ने वर्ष 2006 से प्रत्येक वर्ष 21 अप्रैल को 'सिविल सेवा दिवस' के रूप में सिविल सेवकों को स्वयं को नागरिकों के लिए पुनर्समर्पित करने तथा लोक सेवा और कार्य में उत्कृष्टता हेतु अपनी वचनबद्धता को पुनर्सज्जित करने के लिए एक अवसर के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

# पुण्यतिथि विशेष 21 अप्रैल

राकेश कुमार




**मोहम्मद इक़बाल** (जन्म- 9 नवम्बर, 1877, सियालकोट, पंजाब, ब्रिटिश भारत; मृत्यु- 21 अप्रैल, 1938) एक आधुनिक भारतीय प्रसिद्ध मुसलमान कवि थे। इक़बाल ने अपनी अधिकांश रचनाएँ फ़ारसी में की हैं। "सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा" यह मशहूर गीत इक़बाल का ही लिखा हुआ है। मोहम्मद इक़बाल का यह मत था कि इस्लाम धर्म रूहानी आज़ादी की जद्दोजहद के जज़्बे का अलमबरदार है, और सभी प्रकार के धार्मिक अनुभवों का निचोड़ है। वह कर्मवीरता का एक जीवन्त सिद्धान्त है, जो जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाता है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 21.04.2024

## सूत्रवाक्य

सूत्रवाक्य या तकिया कलाम एक ऐसे वाक्य या वाक्यांश को बोलते हैं जो बार-बार किसी व्यक्ति या चीज़ के सन्दर्भ में सुने जाने से लोक संस्कृति में पहचाना जाने लगता है। दूसरे शब्दों में यह केवल एक वाक्य न रह के एक सूत्र बन गया हो। मसलन, "कुत्ते-कमीने, मैं तेरा ख़ून पी जाऊँगा" हिन्दी फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र का तकिया कलाम माना जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**भगवान कृष्ण** के कुल **108 नाम** हैं, जिनमें गोविंद, **गोपाल**, घनश्याम, गिरधारी, मोहन, **बांके बिहारी**, बनवारी, चक्रधर, **देवकीनंदन**, हरि, और **कन्हैया** प्रमुख हैं।

www.teachersofbihar.org




# सबसे ज्यादा IPL रन बनाने वाले विकेटकीपर

| प्लेयर | टीम | मैच | रन |
|---|---|---|---|
| एमएस धोनी | CSK | 251 | 5051 |
| दिनेश कार्तिक | RCB | 228 | 4363 |
| रॉबिन उथप्पा | KKR | 114 | 3011 |
| ऋषभ पंत | DC | 95 | 2850 |
| क्विंटन डी कॉक | LSG | 90 | 2812 |



# Today's Quiz

## Quiz Number 366

**सर्वप्रथम अंग्रेज वैज्ञानिक रॉबर्ट हुक ने किस वर्ष कोशिका की खोज की?**

A. वर्ष 1556

B. वर्ष 1636

C. वर्ष 1665

D. वर्ष 1785



सही उत्तर: C



**कवि,गीतकार एक भारतीय, मलयालम भाषा के कवि, फिल्म गीतों के गीतकार,  फिल्म निर्माता, जेसी डेनियल पुरस्कार से सम्मानित, निर्देशक,अभिनेता,पत्रकार**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# पी. भास्करन

**जी की जयंती पर सादर नमन।**

**जन्म- 21 अप्रैल 1924 - मृत्यु- 25 फरवरी 2007**

मधु प्रिया

21 अप्रैल
सिविल सेवा दिवस




TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

**प्रत्येक वर्ष 21 अप्रैल को 'सिविल सेवा दिवस' के रूप में सिविल सेवकों को स्वयं को नागरिकों के लिए पुनर्समर्पित करने तथा लोक सेवा और कार्य में उत्कृष्टता हेतु अपनी वचनबद्धता को पुनर्सज्जित करने के लिए एक अवसर के रूप में मनाया जाता है।**

## "सिविल सेवा दिवस" की हार्दिक शुभकामनाए

**मधु प्रिया**


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
"तराना-ए-हिन्द के रचेता,सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां
हमारा के लेखक, अविभाजित भारत के प्रसिद्ध कवि,
नेता और दार्शनिक
मुहम्मद इकबाल जी
की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।
जन्म- 9 नवंबर 1877 - मृत्यु - 21 अप्रैल 1938
मधु प्रिया
/teachersofbihar



गणित की बड़ी से बड़ी गणनाओं को पल भर के अंदर दिमाग का इस्तेमाल करते हुए हल निकालने वाली "मानव कम्प्यूटर" के रूप में प्रसिद्ध

## शकुन्तला देवी जी

जी की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

**4 नवम्बर 1929 - 21 अप्रैल 2013**



मधु प्रिया

21 अप्रैल 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

मूर्खों से अपनी तारीफ सुनने से अच्छा है
कि आप किसी बुद्धिमान की डांट सुनें।

**चाणक्य**



राकेश कुमार